
## महिला शति बंदन कार्यक्रम आज

**गंगापुर सिटी** 11 फरवरी। नगर परिषद गंगापुर सिटी द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्थानीय विजय पैलेस गंगापुर सिटी में सोमवार को दोपहर 1 बजे से महिला शक्ति वन्दन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आयुक्त ने बताया कि निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के आदेशो की पालना में कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जावेगी। जिसमें नगरीय क्षेत्र गंगापुर सिटी की समस्त नारी शक्ति, महिला शक्ति, एनजीओ संचालिका/स्वयं सेवी संस्थाओं/सामूहिक संस्था, संचालिका व अन्य सामाजिक सरोकर एवं विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओ को आमंत्रित किया गया है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों अपनी महत्ती भूमिका रखने वाली एवं सराहनीय व उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं, संस्थाओं व अन्य को सम्मानित किया जावेगा। आयुक्त रिंकल गुप्ता ने नगर परिषद क्षैत्र की सभी महिलाओ से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# आराध्य देव मदनमोहनजी का करौली में 276 वां जन्मोत्सव मनाया

**करौली**। जन-जन के आराध्य एव करौली वासियों के हृदय सम्राट मदनमोहनजी की वर्तमान मंदिर में विधि विधान से स्थापना माघ सुदी 2 विक्रम संवत 1805 तदनुसार 1748 ई0 को हुई थी करौली के प्रतापी राजा गोपाल सिंह द्वारा नव निर्मित वर्तमान मंदिर के मध्य कक्ष में करौली के अतिथि के रूप में मदनमोहनजी तथा बाये कक्ष में राधाजी एव ललिता सखी को विराजमान किया। दाये कक्ष में आतिथेय गोपालजी महाराज की स्थापना हुई। सभी प्रतिमाओं का पाटोत्सव श्रीकृष्ण के परम भक्त राजा गोपाल सिंह ने स्वयं अपनी देख रेख में गौडिया संप्रदाय के गोस्वामी सुबलदास द्वारा सम्पन्न कराया गया। प्रतिमाओं का अभिषेक एव पूजन का कार्य परंपरागत रूप से गोस्वामी सुबलदास ने पंडित गंगाविशन कटारा के निर्देशन में पूर्ण किया।



मदनमोहन जी की प्रतिमा का अभिषेक गोस्वामी सुबलदास ने पंडित गंगाविशन कटारा के निर्देशन में पूर्ण किया गया।

इतिहासकार वेणुगोपाल शर्मा ने बताया कि मुगल बादशाह औरंगजेब की धार्मिक असहिष्णुता तथा हिन्दु विरोधी कट्टर नीति के फलस्वरूप 1669 ई0 में एक सर्व व्यापी आज्ञा द्वारा अधिकतर मंदिर ध्वस्त करने एव धार्मिक मेलों को बंद करने का आदेश दिया गया। ऐसी स्थिति मे बृज के कृष्ण भक्त आचार्यों ने पूज्य मूर्तियों को बचाने का आयोजन किया। 1718 ई0 में जयपुर नरेश सबाई जयसिंह द्वितीय ने गोस्वामी सुबलदास से मिलकर मंदिर गोविंददेवजी, गोपीनाथजी एव मदनमोहनजी को जयपुर ले जाने की इच्छा व्यक्त की तीनों विठाहों को बृंदावन से जयपुर ले जाने के लिए मुगल सम्राट के फरमान आगरा एवम अजमेर सूबों को प्राप्त होने के बाद राजसी ठाठ-बाट से 1723 ई0 में जयपुर लाया गया तथा मूर्तियों को जयपुर के रूप बाग में स्थापित किया गया। नरेश सबाई जयसिंह ने जयपुर की सीमा पर उपस्थित होकर श्री कृष्ण के तीनों विठाहों का स्वागत किया।करौली नरेश गोपाल सिंह की बहिन राज कंवर जयपुर नरेश सबाईजयसिंह को व्याही थीं।

## परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर लोकबंधु ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा रविवार को आयोजित की गई कनिष्ठ लेखाकर एवं तहसील राजस्व लेखाकर संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के परीक्षा केन्द्र मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन एवं पेपर सुरक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने सभी परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं की गहनता से जॉच कर परीक्षा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने परीक्षा एवं केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि पारदर्शिता के साथ परीक्षार्थियों की जॉच की जाये, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुये अवैध गतिविधियों में संदिग्ध पाये जाने पर पुलिस को तुरन्त इसकी सूचना देकर आवश्यक कार्यवाही की जाये। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं जिला परीक्षा नोडल अधिकारी नीरज कुमार मीणा ने उक्त परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि परीक्षा के प्रथम सत्र में भरतपुर जिले के 21 केन्द्रों पर 6 हजार 48 प्रतिभागियों के परीक्षा देने की व्यवस्था की गई थी।

## सार-समाचार

### बाईक सवार की मौत, एक घायल

**सपोटरा**/जिले के सपोटरा गांव के अडूदा- बुकना मार्ग पर बजरी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी इस दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर मृत्यु हो गई वहीं एक दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सपोटरा पुलिस उपाधीक्षक मुरारी लाल ने बताया कि चंद्र प्रकाश उर्फ कन्नू पुत्र रमेश शर्मा निवासी अडूदा और इंदु सिंह सपोटरा से रात 9:00 बजे मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे इस दौरान बूकना- अडूदा सड़क मार्ग स्थित बूचीपूरा गांव की पुलिया के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी हादसे में मोटरसाइकिल सवार चंद्र प्रकाश और इंदु सिंह बुरी तरह घायल हो गए घायलों को अस्पताल लाया गया जहां डॉ0 ने जांच के बाद चंद्र प्रकाश उर्फ कन्नू को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल इंदु सिंह का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली में केवल एक हेडलाइट थी हादसे के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है क्षेत्र वासियों ने अवैध बजरी परिवहन करने वाले वाहनों पर लगाम कसने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नारौली डांग मोड पर धरना दे दिया। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम का सपोटरा विधायक हंसराज मीणा को ज्ञापन पेश कर ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने, मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 50 लाख रुपए देने, मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने, घायल व्यक्ति को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने,घायल को संविदा पर नौकरी दिए जाने एवं पुलिस थाने के समस्त स्टाफ व पुलिस उपाधीक्षक को लाइन हाजिर किए जाने की मांग कि। इस दौरान ठाामीण अजय सिंह,बलराम सिंह, ऋषिकेश मीणा, दीपक सिंह, सीताराम मीणा, मानसिंह, मगन राम, खिलाड़ी, अशोक आदि लोग उपस्थित थे।

### चरण सिंह चौधरी को भारत रत्न

हिंडौन सिटी। सर्व समाज द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह को विगत दिनो भारत सरकार द्धारा सर्वोच्च पुरुस्कार भारत रत्न मिलने की खुशी माल्यार्पण कर एवम मिठाई बांट कर जश्न मनाया गया। एडवोकेट कर्मेंद्र लहकोडिया ने बताया कि किसानो के मसीहा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत सरकार द्धारा भारत का सर्वोच्च पुरुस्कार भारत रत्न दिए जाने पर हिंडौन सिटी में सर्व समाज के लोगों में खुशी का माहोल है इस उपलक्ष्य में सर्व समाज के लोगों द्वारा चौपड़ सर्किल स्थित चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर लोगों को मिठाई बांट कर जश्न मनाया गया। इस मौक़े पर एडवोकेट कर्मेंद्र लहकोडिया, अनिल गोयल कोडिया, राष्ट्रीय लोकदल करोली युवा जिलाध्यक्ष टीनू चौधरी, पूर्व बरगमा सरपंच बच्चूसिंह लहकोडिया, जाट समाज ग्यारह गांव संरक्षण समीति के रामावतार बरगमा, , दीपेश लहकोडिया, रवि आदि लोग उपस्थित रहे।

### सर्टिफिकेशन कमेटी गठित

**करौली**(नि.स.) जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत एमसीएमसी का गठन निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना मे किया गया है। उन्होने बताया कि इस संबंध मे मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी गठित की गई है। कमेटी निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापित कराये जाने वाले विज्ञापनों के आवेदन किये जाने पर उनका अधिप्रमाणन का कार्य आवेदन प्राप्ति से 48 घंटे के भीतर किये जाने का कार्य सुनिश्चित करेंगी तथा विज्ञापन अधिप्रमाणन के दौरान आदर्श आचार संहिता व अन्य सुसंगत प्रावधानों की भी पालना सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने बताया कि कमेटी मे जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी रामवतार मीना, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक विनोद मीना, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेन्द्र मीना, अनिल शर्मा स्वतंत्र पत्रकार शामिल हैं।

### श्रीअन्नपूर्णा रसोई योजना का निरीक्षण

**करौली**(नि.स.) रविवार को रसोई प्रभारी बृजभूषण शर्मा उर्फ विलियम ने श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना रसोई संख्या 796 मासलपुर चुंगी का निरीक्षण किया एवं सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई एवं साफ सफाई ठीक पाई गई एवं भोजन की गुणवत्ता को भी देखा गया। रसोई कि सभी व्यवस्था देखकर अधिकारी संतुष्ट नजर आये वही रसोई से बाहर की तरफ साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए। जिसमें संस्था अध्यक्ष राजा भाई जागीरदार द्वारा बताया गया है कि हरिजन साफ सफाई के लिए कम आते हैं। इस दौरान रसोई प्रभारी द्वारा कहा गया कि अभी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल है जैसे ही सफाई कर्मचारी आएंगे एक कर्मचारी की व्यवस्था की जाएगी श्रीअन्नपूर्णा रसोई माता श्रीवैष्णो देवी सेवा संस्थान करौली द्वारा संचालित की जा रही है। नगर परिषद के निर्देश अनुसार जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर प्रदीप गुर्जर एवं वीरू गुर्जर रसोई घर में काम करने वाली प्रेमलता एवं आदि मौजूद रहे।

### प्रमोद शर्मा को डॉक्टरेट की मिली उपाधि

**हिंडौन सिटी**। डॉक्टर प्रमोद कुमार शर्मा निवासी झंडू का पुरा हिंडौन सिटी को डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया। अलंकार महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय जयपुर में प्राचार्य पद पर कार्यरत प्रमोद कुमार शर्मा को जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन जयपुर से अपना शोध प्रो. रीटा अरोड़ा के निर्देशन में "करौली जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की समस्याएं संभावनाएं एवम प्रभावशीलता का अध्ययन" विषय पर पूर्ण किया। महाविद्यालय के निदेशक जे एन कारला ने बताया कि डॉक्टर प्रमोद कमार शर्मा को पीएचडी की उपाधि मिलने से शिक्षा जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। डॉक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने अपना शोध कार्य ठाामीण एवम शहरी क्षेत्रों में चलाए जा रहे पीएमकेवाई योजना के प्रभाव को परखा और अपना शोध कार्य संपादित किया। संस्था के सभी पदाधिकारी व सम्मानित लोगो ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की, जिनमे प्रमुख रूप से डॉक्टर प्रभात शर्मा, डॉ. प्रेम कुमारी, डॉ संजू शर्मा डॉ. नीलू मुद्गल, डॉ सत्येंद्र दुबे, गोपाल लाल शर्मा (विधायक सिविल लाइन जयपुर), डॉ. सुनील ओझा, डॉ रजनी शर्मा, कल्पना कटारा, रोहित अध्यापक एवम तंवर ब्रजेश, डॉ. शशिकांत, राजेंद्र कुमार शर्मा संयुक्त निदेशक समाज कल्याण विभाग इत्यादि मैं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**भरतपुर** (निस)। नगर निगम आयुक्त भावना शर्मा ने रविवार को सुबह 10 बजे पुलिस लाइन व चांदपौल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। आयुक्त ने कार्मिकों की उपस्थिति, पार्किंग, आयुष्मान कार्ड, निशुल्क दवा योजना काउंटर, शौचालयों की स्थिति,साफ-सफाई सहित स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में मौजूद सामान आदि की जानकारी ली, साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद मरीज एवं स्थानीय नागरिकों से फीडबैक लिया। आयुक्त भावना शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार शहर के दो स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है। अग्रिम कार्यवाही के लिए निरीक्षण रिपोर्ट को मुख्यालय भेजा जायेगा।

### बाल श्रम के संबंध मे निर्देश जारी

**करौली**(नि.स.) उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों,उनके अभिकर्ताओं एवं प्रतिनिधियों द्वारा चुनाव अभियान,रैली,पोस्टर,पंपलेट वितरण, नारेबाजी के तहत बाल श्रम करवाना एवं इसका उल्लघंन पर दंड का प्रावधान है। इस संबंध मे उन्होने भाजपा,आईएनसी, बसपा,आप के जिला अध्यक्षों के साथ साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश भी दिये है।

### कम्प्यूटर टंकण परीक्षा 15 को

**करौली**-(नि.स.) अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि जिले मे पदस्थापित अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों,जिनकी नियुक्ति हुए 3 वर्ष से अधिक नही हुए है की नियमित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा 15 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे से राजकीय महाविद्यालय, करौली मे सॉफ्टवेयर के माध्यम से आयोजित की

### प्रशिक्षण 13 को

**करौली**-11 फरवरी (नि.स.) उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु उडनदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, वीएसटी, वीवीटी, एटी एवं सहायक व्यय प्रेक्षक का प्रशिक्षण 13 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे सूचना केन्द्र के टाउन हॉल करौली मे आयोजित किया जायेगा।इस संबंध मे उन्होने समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये है।

## जनप्रतिनिधियों की बैठक

**करौली**(नि.स.) डांग विकास संस्थान द्वारा संचालित सक्षम परियोजना के अन्तर्गत मनरेगा पर बैठक का आयोजन किया। संस्थान के कार्यक्रम समन्यक राजेश शर्मा ने बताया कि ठााम पंचायत सीलोती के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मनरेगा योजना में गांव के विकास के साथ साथ स्थनीय रोजगार के बारे में जानकारी प्रदान की गई। संस्थान द्वारा किए गए चयनित परिवारों के सर्वेक्षण के दौरान जानकारी में आया की सीलौती में 98 परिवार को इस बर्ष मनरेगा कार्य नही मिला है। उन्हे कार्य दिये जाने पर चर्चा कर परिवारों की सूची उपलब्ध करवाई गई। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि विष्णु कुशवाह ने कहा कि उपलब्ध सूची के अनुसार आगामी माहों में नियमित कार्य दिया जायेगा तथा सिलिकोसिस पीड़ित विधवाओ को भी नियमित मनरेगा कार्य दिए जाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर बार्ड पंच अनूप सिंह, शिवनारायण, अमरबाई, खान मजदूर यूनियन सदस्य छुट्टन लाल, चेतराम कोली,ठााम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि विष्णु कुशवाहा, बार्डपंचों, सामाजिक कार्यकर्ता आदि ने अपने विचार रखे।

## दो दिवसीय सहजयोग सेमिनार व भजनसंध्या का किया गया आयोजन

**भरतपुर** (निस)। सहज योग परिवार भरतपुर द्वारा दो दिवसीय सहजयोग सेमिनार व भजन संध्या के साथ निशुल्क कुंडलिनी जागरण व आत्म साक्षात्कार के कार्यक्रम का आयोजन 10 व 11 फरवरी को शहर स्थित सहजयोग ध्यान केंद्र सहज धाम निर्मल नगर मथुरा रोड पर किया गया। सेमिनार में संपूर्ण राजस्थान से तथा आसपास के राज्यों से आए सैकडो सहज साधकों ने भाग लिया। सेमिनार के प्रथम दिन विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों व शिक्षकों को सहजयोग ध्यान व आत्म साक्षात्कार का अनुभव कराया गया ताकि विद्यार्थियों व शिक्षकों का सर्वांगीण विकास होकर संपूर्ण विश्व में आध्यात्मिक चेतना की जागृति हो सके। इसके पश्चात मेडिकल सेमिनार में डॉ. दीक्षा ने सहजयोग से अपनी सभी बीमारियां कैसे सही कर सकते हैं के बारे में बताया। इसके पश्चात जन जागृति व ध्यान योग से आध्यात्मिक जागरण हेतु बाहर से पधारे साधकों व सहजयोग परिवार भरतपुर द्वारा रैली निकाल लोगों को आध्यात्मिक संस्कृति का संदेश दिया। सेमिनार के दूसरे दिन मातृवंदना कार्यक्रम के साथ जन साधारण के लिए सांय 4.30 बजे से निशुल्क कुंडलिनी जागरण व आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में प्रख्यात भजन गायक मुखीराम व अन्य द्वारा भजन प्रस्तुतियां दे श्रोताओं का मनमोह लिया। राज्य समन्वयक डॉ. मोहकम सिंह ने बताया की सहज योग आध्यात्मिक चेतना की व्यक्ति के अंदर जागृति की सहज पद्धति है जिससे कुंडलिनी की जागृति होकर व्यक्ति को आत्म साक्षात्कार का अनुभव होता है इससे माया के जंजाल से मुक्ति मिलती है व सभी चक्रों पर विराजित देवी देवताओं के तत्व जागृत हो जाते हैं और चित्त प्रकाशित होकर शरीर स्वयं एक मंदिर हो जाता है। कार्यक्रम में इसका अनुभव भी कराया गया। महा सरस्वती पूजा के उपरांत सहज योग परिवार भरतपुर के कोऑर्डिनेटर भगवान सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

## प्रशिक्षण का आयोजन

**करौली**(नि.स.)। संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि करौली मंडरायल मासलपुर के 40 गांवों के खान श्रमिक लीडर्स का चयन कर इनको संगठन निर्माण के साथ-साथ कानूनों पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में संस्थान के राजेश शर्मा द्वारा खान मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए श्रमिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई जिसमें स्वास्थ्य, सुरक्षा, मजदूरी, कार्यस्थल पर सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा द्वारा खान श्रमिक कल्याण बोर्ड को चालू करवाने के लिए खान श्रमिकों को संगठित होने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि खान मजदूर अपने हक और अधिकार के लिए संगठित होकर प्रयास करें। इस अवसर पर संस्थान की आवश्यकता,उद्देश्य, भूमिका, नेतृत्वकर्ता के गुणों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर डांग विकास संस्थान के विक्रम सिंह जाटव, महेश चंद जाटव, अनिर्बान घोष, राम कुमार जाटव सहित संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**धौलपुर**।रामनवमी शोभायात्रा को लेकर गंगा बाई की बगीची धौलपुर में हनुमान जी महाराज के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता महंत हनुमान दास द्वारा की गई मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला संघचालक रामअख्तयार एवं पूर्व चेयरमैन राघवेन्द्र जादौन रहें बैठक की शुरुआत राम जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई बजरंग दल जिला सह सयोंजक ने बताया कि हर वर्ष की भांति धौलपुर शहर में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा इस वर्ष शोभायात्रा का विशेष महत्व हैं क्योंकि इस वर्ष 500 वर्ष के संघर्ष के बाद राम लला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हुई इसको लेकर सभी राम भक्तों में काफी जोश और उत्साह है आगामी बैठक में शोभायात्रा को लेकर समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव दिए और सभी ने मिलकर तय किया कि इस वर्ष शोभायात्रा में लगभग 100000 राम भक्तों की संख्या रहेगी बैठक में महेश सिंह राजावत बजरंग दल जिला सहसंयोजक नरेश कुमार विश्व हिंदू परिषद प्रखंड नगर अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा प्रमुख चंद्र प्रताप धाकरे प्रखण्ड सयोंजक रविन्द्र प्रजापति विजेंद्र माहौर बजरंग दल जिला मिलन प्रमुख दीपक पचोरी रामनरेश घुरैया बजरंग दल जिला गोरक्षा प्रमुख शुभम श्रीवास्तव विक्की माहौर भानु दीपक सक्षम गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बैठक आज

**करौली**(नि.स.) अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय प्रभारी आज सोमवार को करौली दौरे पर रहेंगे। इस दौरान केन्द्रीय प्रभारी की अध्यक्षता मे प्रातः11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आशान्वित जिला के संबंध मे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जायेगी।

## भरतपुर की धरा पर सम्मान से अभिभूत हुये अतिरिक्त निदेशक अरूण जोशी

**भरतपुर**। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग जयपुर के सेवानिवृत अतिरिक्त निदेशक अरूण जोशी का भरतपुर के मीडिया कर्मियों द्वारा भव्य स्वागत व सत्कार किया गया। मीडिया कर्मियों ने फूल माला, पुष्प गुच्छ एवं साफा पहनाकर अरूण जोशी का सम्मान किया एवम उनकी सेवाओं की सराहना की।

भरतपुर स्थित सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये अरूण जोशी ने कहा कि उन्होंने अपने 32 वर्ष के कार्यकाल में हरसंभव पत्रकार हितों की बात राज्य सरकार तक पंहुचाई और उनका यथासंभव शतप्रतिशत समाधान कराने के प्रयास किये। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि पत्रकारों की पीडा को वे भलीभांति जानते हैं क्योंकि उनके पिता स्वर्गीय वशिष्ठ कुमार भी राज्य के वरिष्ठ श्रमजीवी पत्रकार रहे हैं। उन्होंने अपने पिता के पत्रकारिता जीवन के कई स्मरण भी पत्रकारों साथ साझा किया। उन्होंने पत्रकारों को आव्हान किया कि आज देश में मीडिया जगत में जो प्रतिस्पर्धा का जमाना है उसके अनुरूप पत्रकारों को अपने कार्यशैली में सुधार कर नवाचारों की नितान्त आवश्यकता है।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों को दी जाने वाली समस्त सुविधाओं से अवगत कराया एवं उनके समाधान के लिये उन्होंने कहा कि भले ही वो सेवानिवृत हो चुके हैं फिर भी वे पत्रकार एवं उनके हितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिये संकल्पित हैं।

## नीरज कुमार मीणा का किया स्वागत

**भरतपुर** (निस)। राष्ट्रीय मीणा महासभा जिला इकाई भरतपुर के द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन के पद पर कार्यग्रहण करने पर नीरज कुमार मीणा का स्वागत किया गया। जानकारी देते हुए मुख्य सलाहकार भूपेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि नीरज मीना इससे पूर्व भी भरतपुर की कुम्हेर और नदबई ब्लॉक के एसडीएम रह चुके हैं। टीम ने साफा, माला पहनाकर, एवम ग्रीन प्लांटेड ट्री सौप कर एडीएम का स्वागत किया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन ने कहा कि हमे सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचे ऐसे प्रयास करना चाहिए, भरतपुर जिला मुख्यमंत्री महोदय का ग्रह जिला होने के कारण जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। हमे सभी को साथ लेकर भरतपुर जिले को बेहतरीन स्थान दिलाने का भरसक प्रयास करना है।

## महिला के सोने के पेंडल को चोर कर ले गए बदमाश

**करौली**(नि.स.) भाजपा का हो या कांठोस सरकार का शासन करौली जिला मुख्यालय स्थित शहर में चैन स्नैचिंग और बदमाशों के आतंक पर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन नाकाम ही साबित हो रहा है।

रविवार को भरे बाजार में खरीदारी कर रही एक महिला के सोने के पेंडल को मोटरसाइकिल से आ रहे बदमाश चोट कर मोटरसाइकिल को भगाकर ले गए। महिलाओं ने उनका काफी पीछा किया और चिल्लाती रह गई ऐसी घटनाएं होना एक आम बात बन चुकी है जिसको यहां का पुलिस प्रशासन रोक नहीं पा रहा है भी कई बार ऐसी घटनाएं घटित हुई है।

इन दिनों शादी समारोह के कार्यक्रमों के चलते बाजारों में खरीददार महिला,पुरुषों की भीड़ देखने को मिल रही है और बाजारो में आडी-तिरछी मोटरसाइकिल खडी रहने से राहगीरों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बाजारो में भीड-भाड़ के चलते चैन स्निैचंग कि घटनाए बढ रही है। और बदमाश नहीं चूक रहे हैं करई चूरिया गाव निवासी केसबाई अपने गांव की महिलाओं के साथ खरीददारी करने आई थी बाजार में खरीदारी करते समय एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आए और चलते चलते महिला के गले से सोने का पेंडल को चोट कर निकाल ले गए। महिला जोर-जोर से चीख पुकार करती रही और महिलाओं ने उनका पीछा किया लेकिन बदमाश मोटरसाइकिल से फरार हो गए। अशिक्षित होने से महिला मोटरसाइकिल के नंबर तक भी नहीं ले पाई ना ही महिला की चीख पुकार को सुनकर राहगीर भी बदमाशों को रोकने की हिम्मत जुटा पाए।

## अस्पतालों का किया निरीक्षण

**हिंडौन सिटी**। जयपुर स्वास्थ्य निदेशालय के आदेश पर रविवार को जयपुर से संयुक्त निदेशक डॉ सुनील सिंह, डॉ सुभाष, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण शर्मा ने हिण्डौन के सभी निजी नर्सिंग होम व जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। टीम द्वारा किए गए निजी नर्सिंग होम के निरीक्षण में भारी अनियमितताएं मिली।

जिला अस्पताल के सामने एस्सार हॉस्पिटल, महवा मार्ग स्थित बायपास, मंडावरा फाटक के पास तंवर हॉस्पिटल, खरेटा मार्ग स्थित जगरवाल हॉस्पिटल व सांई हॉस्पिटल सहित अन्य निजी नर्सिंग होम में निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजो व प्रसूताओं के रिकॉर्ड की जांच की। साथ मे चिकित्सकों के अनुपस्थिति व रिकॉर्ड नही मिलने पर फटकार भी लगाई। संयुक्त निदेशक व टीम द्वारा निरीक्षण से निजी नर्सिंग होम संचालको व स्टाफ में हड़कंप मच गया। वही मंडावरा फाटक स्थित एक निजी नर्सिंग होम में रिसेप्शन पर मात्र एक महिला कर्मी स्टाफ के रूप में मिला।

# लायंस क्लब गरिमा के नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा का आयोजन

**लायंस क्लब गरिमा के नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 105 मरीजों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन**

**गंगापुर सिटी** 11 फरवरी। लायन्स क्लब गरिमा द्वारा शनिवार को जयपुर रोड स्थित सीपी हॉस्पिटल में आयोजित किए गए निशुल्क नेत्र चिकित्सा (लैंस प्रत्यारोपण) शिविर में 127 मरीजों की आँखों की जाँच की जाकर मोतियाबिंद रोग से ग्रसित 1०5 मरीजों की आँखों का विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाकर लैंस प्रत्यारोपण किया गया।

इस अवसर पर नेत्र चिकित्सा शिविर का रीको उपक्रमी संघ के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद अग्रवाल व महामंत्री संकेत अग्रवाल द्वारा अवलोकन किया गया तथा शिविर की कार्यप्रणाली को क्लब पदाधिकारियों के साथ समझा। अवलोकन हेतु पधारे अतिथियों का लायन्स क्लब गरिमा अध्यक्ष लायन डॉ.आशीष कुमार शर्मा व श्री श्याम पैरामेडिकल संस्थान के निदेशक डॉ. बिशन सिंह गुर्जर द्वारा माला पहनाकर सी पी हॉस्पिटल में स्वागत किया गया जिनके द्वारा ईश्वर की सेवा में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर सभी की कुशलक्षेम की कामना की व तत्पश्चात शिविर का अवलोकन कर मरीजों को फल वितरण किया।

क्लब सचिव व नेत्र चिकित्सा शिविर समन्वयक लायन मुकेश राजाराम मीना ने बताया कि निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के माध्यम से बडी संख्या में मोतियाबिंद रोग से ग्रसित व्यक्तियों का निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाकर नवीन रोशनी प्रदान किए जाने का पुनित सेवा कार्य गंगापुर सिटी क्षेत्र से मोतियाबिंद को मिटाने का संकल्प लेते हुए साप्ताहिक रुप से लायंस क्लब गरिमा द्वारा निरंतर किया जा रहा है। जिसके तहत श्री श्याम पेरामेडिकल संस्थान दौसा के तकनीकी सहयोग से सीपी हॉस्पिटल में प्रत्येक शनिवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाकर मोतियाबिंद से ग्रसित रोगी की आंखों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। लायंस क्लब गरिमा द्वारा अब तक 111 निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों के माध्यम से मोतियाबिंद से ग्रसित लगभग 71०० व्यक्तियों को लेंस प्रत्यारोपण किया जाकर आंखों की नई रौशनी प्रदान की जा चुकी है। शिविर में लाभ लेने हेतु रोगी को मात्र अपने आधार कार्ड की फोटोकॉपी के साथ आने की आवश्यकता होती है। लाभार्थी रोगी को क्लब द्वारा नि:शुल्क दवाएँ एवं चश्मा उपलब्ध करवाया जाता है।

## ज्ञापन दिया

**भरतपुर**।भरतपुर दौरे पर आए राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से आज रविवार को सर्किट हाउस में संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन देकर मांग की गई की नगर निगम भरतपुर से कच्चे परकोटे के शेष पटटो को शीघ्र दिलाने जाने की कार्रवाई कराई जाए। प्रतिनिधि मंडल ने गृह मंत्री को बताया कि नगर निगम भरतपुर प्रशासन फर्जी एवं अवैध पटटो की जांच करने की आड लेकर भरतपुर शहर के कच्चे डंडे की पटटा शुल्क जमा पत्रावलियों एवं मौका रिपोर्ट के इंतजार में पडी हुई पत्रावलियों के पट्टे जारी करने में आनाकानी कर रहा है।उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के द्वारा वर्ष 2022 में जारी किए गए अवैध एवं फर्जी पटटो की जांच करने के आदेश दिए थे।लेकिन नगर निगम प्रशासन अवैध एवं फर्जी पटटो की जांच करने की अपेक्षा वर्ष 2023 सितंबर अक्टूबर में वैधानिक रुप से सभी प्रकार के परीक्षण करने के बादकच्चे डंडे के जारी किए गए 825 पटटो की जांच करने के नाम पर शेष 815 पत्रावलियों के पट्टे जारी करने मे आनाकानी कर रहा है। और जो पटटे अवैध एवं फर्जी थे उनको जांच के दायरे में नहीं लिया जा रहा है। फर्जी पटटो को लेकर पुलिस थाना मथुरा गेट में 13 मुकदमे दर्ज हैं।

## जाट समाज चौरासी कार्यकारिणी गठित

**हिण्डौनसिटी**। जाट समाज चौरासी की आम सभा जाट छात्रावास हिण्डौनसिटी में रखी गई जिसकी अध्यक्षता जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी ने की। आम सभा मे पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरणसिंह को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर भारत सरकार का आभार जताया और जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए महामंत्री पद पर देवीसिंह शेखपुर, कोषाध्यक्ष पद पर विजय सिंह डागुर चिनायठा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरिसिंह श्यारौली, उपाध्यक्ष पद पर विजेन्द्र सिंह खरैटा, भरत सिंह ढिंढोरा, समयसिंह सरपंच सनेट, अनूप सिंह जमालपुर, मंगती सरपंच कलसाडा, ईश्वर सिंह बल्लभगढ़, दामोदर सोलंकी महू, चरणसिंह बैनीवाल हिण्डौन, गोविंद सिंह जहांगीरपुर, राम प्रताप ठेकेदार कुसांय, संगठन मंत्री पद पर विवेक सरपंच श्यारौली, नरेश कोडरा, बजरंग कुडगांव, राजेश लहकोडिया वरगमा, तेजसिंह जमालपुर, वरिष्ठ प्रवक्ता पिन्टू सोलंकी एकोरासी, शिवगणेश धुरसी, मोरध्वज पहलवान, मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली, नरेंद्र पीपलहेडा, हनुमान वजीरपुर, मंत्री पद पर भरत सिंह पहलवान सीतापुर, गोपाल समसपुर, रामोतार रेवई, शिवचरण महमदपुर, तेजसिंह जहांगीरपुर, शेर सिंह सरपंच रायपुर, कामराज शेरपुर, तेजसिंह क्यारदाखुर्द, रामप्रसाद पीटीआई वेरखेडा, वीरसिंह एकोरासी, उधम सिंह शेरपुर, वरिष्ठ सलाहकार देवीसिंह खीपकापुरा, विजय सिंह जटनगला, गोपाल सिंह डागुर खेडीहैवत, कलुआ वाईजट्ट, विजय सिंह कांचरौली, सीताराम महू, सूरजमल जाट बडोदा, श्याम सिंह, छात्रावास संचालन एवं सुरक्षा कमेंटी गुलाब सिंह कांचरौली, विक्रम सिंह तोमर पीपलहेडा, बलवंत बैनीवाल हिण्डौन, लेखेन्द्र सिंह खेडाजमालपुर, गुड्डू डागुर खेडीहैवत, वोलर खीपकापुरा, पैपया डागुर शेरपुर, वरिष्ठ संरक्षण समिति लक्खी पटैल जहांगीरपुर, जलसिंह वजीरपुर, भीमसिंह कांचरौली, भूपेन्द्र सोलंकी महूखास, मानसिंह जाट की सराय हिण्डौन, सुगर सिंह मणडावरा, कुम्हेर सिंह जटवाडा, मंगती रेवई आदि को बनाया गया और सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।